# Daily Current Affairs

Date : 03 September, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका



| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राजस्थान की पहली सोने की खदान की नीलामी निरस्त |
| 2. | PM सूर्य घर योजना के तहत 'हरित भारत अभियान' |
| 3. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. राष्ट्रीय पैरा थ्रोबॉल चैम्पियनशिप में राजस्थान<br>2. ललित कुमार कलाल - भारतीय रिंग टेनिस महासंघ के नए अध्यक्ष<br>3. 'वॉयसेज़ ऑफ भारत : युवा फॉर सस्टेनेबिलिटी' अभियान<br>4. शहर चलो अभियान (15 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 2025)<br>5. गांव चलो अभियान (18 सितम्बर से) |
| 4. | चर्चा में रहा देश : अफगानिस्तान |
| 5. | कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) – एमनेस्टी योजना 2025 |
| 6. | इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) का 8वां स्थापना दिवस |
| 7. | भारत और थाईलैंड के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास मैत्री-XIV |
| 8. | स्वच्छता पखवाड़ा 2025 का आयोजन |
| 9. | राष्ट्रीय पोषण सप्ताह 2025 |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## राजस्थान की पहली सोने की खदान की नीलामी निरस्त

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, बाँसवाड़ा स्थित में राजस्थान की पहली सोने की खदान की नीलामी निरस्त कर दी गई। खान विभाग द्वारा इस खान की नई नीलामी की जाएगी।



### मुख्य बिन्दु:

- ज्ञातव्य है कि भूकिया-जगपुरा खदान की नीलामी 15 मई, 2024 को हुई थी, जिसका क्षेत्रफल 9.4026 वर्ग किमी. के दायरे में है।
- भू-वैज्ञानिकों के अनुसार इस क्षेत्र में 940.26 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 113.52 मिलियन टन स्वर्ण अयस्क के भंडार है।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### राजस्थान में संभावित स्वर्ण भण्डार:

- **बाँसवाड़ा** – घाटोल तहसील के भूकिया-जगपुरा, देलवाड़ा, पंचमहूरी।
- **दौसा** – धनी बसेड़ी।
- **सलूम्बर** – डेगोचा।
- **डूंगरपुर** – भारकुंडी क्षेत्र।
- उपर्युक्त स्थानों पर सोने के खनन के अलावा कॉपर, निकल और कोबाल्ट खनिज के भंडार होने की भी संभावना है।

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### भारत में स्थित प्रमुख स्वर्ण खदानें:


| सोने की खदान | राज्य |
|---|---|
| हट्टी गोल्ड माइन्स | कर्नाटक |
| कोलार गोल्ड फील्ड्स | कर्नाटक |
| सोनभद्र | उत्तर प्रदेश |
| लावा गोल्ड माइंस | झारखंड |
| परासी | झारखंड |
| पहाड़िया | झारखंड |
| कुंदरकोचा | झारखंड |
| भीतर दारी | झारखंड |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# PM सूर्य घर योजना के तहत 'हरित भारत अभियान'

## चर्चा में क्यों?

- राजस्थान राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी द्वारा हाल ही में 'हरित भारत अभियान' की शुरुआत की गई।




## मुख्य बिन्दु:

- प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को बढ़ावा देने के तहत इस अभियान का संचालन 'सोलर संगठन भारत' द्वारा किया जा रहा है।
- इस अभियान के तहत तहत संगठन द्वारा 16 से 18 नवंबर, 2025 तक जोधपुर तथा 21 से 23 जनवरी, 2026 तक जयपुर में 'हरित भारत प्रदर्शनी' का आयोजन किया जाएगा।

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना:

- **लॉन्च :** 13 फरवरी, 2024 को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा।

- **उद्देश्य :** रूफटॉप सौर पैनलों की स्थापना की सुविधा के द्वारा घरों को मुफ्त बिजली प्रदान करना।
- **लक्ष्य :** मार्च, 2027 तक एक करोड़ घरों को सौर ऊर्जा की आपूर्ति करना।

**सब्सिडी विवरण:**

| औसत मासिक बिजली खपत (यूनिट) | उपयुक्त रूफटॉप सौर संयंत्र क्षमता | सब्सिडी सहायता |
|---|---|---|
| 0-150 | 1-2 किलोवाट | ₹ 30,000 से ₹ 60,000 |
| 150-300 | 2-3 किलोवाट | ₹ 60,000 से ₹ 78,000 |
| > 300 | 3 किलोवाट से ऊपर | ₹ 78,000 |

**आदर्श सौर ग्राम:**

- प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के 'आदर्श सौर ग्राम' घटक के अंतर्गत, पूरे भारत में प्रत्येक ज़िले में एक आदर्श सौर ग्राम स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।
- इस पहल का उद्देश्य सौर ऊर्जा अपनाने को बढ़ावा देना और ग्रामीण समुदायों को ऊर्जा आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाना है।
- इस घटक के लिए ₹800 करोड़ का आवंटन निर्धारित किया गया है, जिसमें से प्रत्येक चयनित आदर्श सौर ग्राम को ₹1 करोड़ प्रदान किए जाएँगे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **राष्ट्रीय पैरा थ्रोबॉल चैम्पियनशिप में राजस्थान**<br>▪ तमिलनाडु के कोयंबटूर में आयोजित राष्ट्रीय पैरा थ्रोबॉल चैम्पियनशिप में राजस्थान की पुरुष टीम ने ओवरऑल तीसरा स्थान प्राप्त किया।<br>▪ इस प्रतियोगिता में आंध्र प्रदेश टीम चैम्पियन और झारखंड टीम दूसरे स्थान पर रही।<br>▪ महिला वर्ग में राजस्थान टीम कोई स्थान हासिल करने में असफल रही। |
| 2. | **ललित कुमार कलाल - भारतीय रिंग टेनिस महासंघ के नए अध्यक्ष**<br>▪ हाल ही में, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में भारतीय रिंग टेनिस महासंघ के चुनाव में राजस्थान के ललित कुमार कलाल तथा तेलंगाना के केआरवी श्याम सुंदर को आगामी तीन वर्ष के लिये क्रमशः अध्यक्ष व महासचिव चुना गया। |
| 3. | **'वॉयसेज़ ऑफ भारत : युवा फॉर सस्टेनेबिलिटी' अभियान**<br>▪ राजस्थान के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने हाल ही में जयपुर में 'वॉयसेज़ ऑफ भारत : युवा फॉर सस्टेनेबिलिटी' अभियान के तीसरे न्यूज़लेटर का विमोचन किया।<br>▪ इस एक वर्षीय अभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून, 2025 को की थी।<br>▪ 'वॉयसेज़ ऑफ भारत : युवा फॉर सस्टेनेबिलिटी' अभियान का उद्देश्य युवाओं को पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने के लिए कहानी कहने, पॉडकास्ट, वीडियो और डिजिटल मीडिया के माध्यम से प्रेरित और प्रशिक्षित करना है। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 4. | **शहर चलो अभियान (15 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 2025)**<br>▪ राजस्थान सरकार द्वारा 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 2025 राज्यव्यापी 'शहर चलो अभियान' का संचालन किया जाएगा।<br>▪ इस अभियान के तहत शहरी निकायों में सफाई व्यवस्था सुधार, नई स्ट्रीट लाइट्स लगाने, आवारा पशुओं को पकड़ने, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, सार्वजनिक स्थानों का रखरखाव और सौंदर्यकरण, सड़क मरम्मत जैसे जनोपयोगी कार्य किए जाएंगे। |
| 5. | **गांव चलो अभियान (18 सितम्बर से)**<br>▪ राजस्थान सरकार द्वारा 18 सितम्बर, 2025 से प्रदेशभर में सप्ताह में तीन दिन 'गांव चलो अभियान' संचालित किया जाएगा, जिसमें ग्रामीणों तक सरकारी सेवाओं की सुलभ पहुंच सुनिश्चित की जाएगी।<br>▪ राज्य सरकार 18 सितम्बर से हर पंचायत समिति की दो ग्राम पंचायतों में यह अभियान चलाएगी तथा यह अभियान सप्ताह में तीन दिन चलेगा।<br>▪ इस अभियान के तहत सरकारी योजनाओं के लिए आवेदन, स्वास्थ्य शिविर, विद्यालय इत्यादि के मरम्मत कार्य, बीज मिनी कीट वितरण आदि कार्य होंगे।<br>▪ साथ ही, प्रदेशभर में 2 अक्टूबर से 15 अक्टूबर, 2025 तक सहकार सदस्यता अभियान भी संचालित किया जाएगा। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## चर्चा में रहा देश : अफगानिस्तान

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत नंगरहार और कुनार में आए 6.0 तीव्रता के भूकंप से लगभग 1500 लोगों की मौत हो गई और 4000 से ज्यादा लोग घायल हो गए।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- **भूकंप का केंद्र :** पाकिस्तान सीमा पर जलालाबाद से 27 किलोमीटर पूर्व में।

### भौगोलिक स्थिति :

- अफ़ग़ानिस्तान मध्य एशिया और दक्षिण एशिया के जंक्शन पर स्थित एक स्थलरुद्ध देश है।
- **पड़ोसी देश :** पूर्व में भारत (पाक अधिकृत कश्मीर द्वारा), दक्षिण में पाकिस्तान, पश्चिम में ईरान, उत्तर में तुर्कमेनिस्तान, उज़्बेकिस्तान, उत्तर-पूर्व में ताजिकिस्तान और उत्तर-पूर्व में चीन (वाखान कॉरिडोर के माध्यम से) के साथ अपनी सीमा साझा करता है।

### प्रमुख पर्वत और पठार :

- **हिंदू कुश पर्वत :** देश की मुख्य पर्वत श्रेणी, जो उत्तर-पूर्व से दक्षिण-पश्चिम तक फैली हुई है, यह पर्वत शृंखला यहाँ की जलवायु व परिवहन पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालती है।
- **अफ़ग़ानिस्तान की सबसे ऊँची चोटी :** नोशाक (7,492 मीटर)
- **परोपैमिसुस पर्वत :** हिंदू कुश का पश्चिमी विस्तार, ईरान की ओर विस्तृत।

### प्रमुख नदियाँ :

- **आमू दरिया :** पामीर ग्लेशियरों से निकलने वाली नदी, उत्तर में सीमा बनाती है।
- **हरि नदी :** बबा पर्वत से निकलती है, हरात के पास से गुजर कर ईरान की ओर जाती है।
- **हेलमंद नदी :** बबा पर्वत से निकलकर दक्षिण-पश्चिम की ओर बहती है और अंतत: सिस्तान बेसिन में खत्म हो जाती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **काबुल नदी :** पूर्वी अफ़ग़ानिस्तान के पठारों से निकलकर पाकिस्तान में सिंधु नदी में मिलती है।
- **वाखान कॉरिडोर :** एक संकीर्ण ऊँचा पठारी क्षेत्र जो चीन, पाकिस्तान और ताजिकिस्तान के बीच फैला हुआ है, जिसे कभी 'दुनिया का सबसे अलग कोना' कहा जाता था। यह ऐतिहासिक और रणनीतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) – एमनेस्टी योजना 2025

### चर्चा में क्यों?

- कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की 196वीं निगम बैठक में एमनेस्टी योजना 2025 को मंजूरी दी गई।




### मुख्य बिन्दु:

- **उद्देश्य:** कानूनी विवादों के निपटान के माध्यम से अदालती मामलों के बैकलॉग को कम करना और ईएसआई अधिनियम के तहत अनुपालन को बढ़ावा देना है।

**योजना की अवधि:**

- **लागू:** 01 अक्टूबर 2025 से 30 सितंबर 2026 तक।
- यह योजना नियोक्ताओं को अदालती मामलों से बाहर विवाद समाधान का संरचित तंत्र प्रदान करती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**कानूनी और प्रशासनिक प्रावधान:**

- **31 मार्च 2025 तक विभिन्न अदालतों में लगभग 27,000 मामले लंबित थे।**
- **योजना के तहत नियोक्ताओं के लिए सुविधाएँ:**

1. **वास्तविक अंशदान और ब्याज का भुगतान करके तदर्थ मूल्यांकन का निपटान – कोई अतिरिक्त क्षतिपूर्ति नहीं।**
2. **पहले से भुगतान किए गए मामलों को वापस लिया जाएगा, बशर्ते कि विवादित क्षतिपूर्ति का 10% भुगतान किया जाए।**
3. **ईएसआईसी द्वारा रिकॉर्ड प्रस्तुत न करने या भुगतान में देरी के कारण दायर मामले, जिनका बाद में अनुपालन हुआ, अदालत की अनुमति से वापस लिए जाएंगे।**
4. **31.03.2025 तक दायर अदालती मामले योजना के अंतर्गत पात्र हैं।**

- **क्षेत्रीय निदेशक और उप-क्षेत्रीय अधिकारी इस अवधि में निकासी को संसाधित करने का अधिकार रखते हैं।**

**महत्व:**

- **पहले सीमित अपील प्रावधान और निकासी शक्तियों की कमी के कारण अनुपालन के बाद भी मुकदमों में लंबा समय लग जाता था।**
- **एमनेस्टी 2025 इन कमियों को दूर करती है और नियोक्ताओं के लिए वास्तविक और हितैषी विवाद समाधान मार्ग प्रदान करती है।**
- **सरकार के 'Ease of Doing Business' उद्देश्यों का समर्थन करना है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## आर्थिक परिदृश्य

### इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) का 8वां स्थापना दिवस

**चर्चा में क्यों?**

- **इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) ने अपने 8वें स्थापना दिवस (2018) को मनाया, जिसे आईपीपीबी दिवस के रूप में जाना जाता है।**

**मुख्य बिन्दु:**

- **स्थापना और सफलता: आईपीपीबी ने 12 करोड़ से अधिक ग्राहकों को जोड़ा है और ग्रामीण, अर्ध-शहरी और दूरदराज के क्षेत्रों में घर-घर बैंकिंग सेवाएं प्रदान की हैं।**
- **नवोन्मेषण: आईपीपीबी ने कई नई सेवाओं को पेश किया है, जैसे डिजिस्मार्ट (डिजिटल बचत खाता), प्रीमियम आरोग्य बचत खाता (स्वास्थ्य लाभ वाला खाता), और आधार-आधारित चेहरा प्रमाणीकरण।**
- **साझेदारी: आईपीपीबी ने संपूर्ण प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), पेंशन भुगतान और बीमा एवं निवेश उत्पादों में विस्तार किया है।**




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### आईपीपीबी के उद्देश्य:

- **निम्न नकदी वाली अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना और डिजिटल इंडिया के विजन में योगदान करना।**
- **सामाजिक समावेशन के लिए बैंक ने 5.57 लाख गाँवों और कस्बों में सरल और किफायती बैंकिंग समाधान उपलब्ध कराए हैं।**

### आदर्श वाक्य:

- **आईपीपीबी का आदर्श वाक्य है "प्रत्येक ग्राहक महत्वपूर्ण है, प्रत्येक लेनदेन उल्लेखनीय है और प्रत्येक जमा मूल्यवान है।"**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सैन्य अभ्यास

## भारत और थाईलैंड के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास मैत्री-XIV

### चर्चा में क्यों?

- संयुक्त सैन्य अभ्यास मैत्री-XIV का 14वां संस्करण मेघालय के उमरोई स्थित जॉइंट ट्रेनिंग नोड (JTN) में 1 से 14 सितंबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है।



### मुख्य बिन्दु:

**उद्देश्य:**

- इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य भारतीय सेना और रॉयल थाई आर्मी के बीच सहयोग, संयुक्त सहभागिता और आपसी समझ को बढ़ाना है।
- अभ्यास संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय VII के अंतर्गत अर्ध-शहरी इलाकों में आतंकवाद-रोधी अभियानों पर केंद्रित रहेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### इतिहास और महत्व:

- **मैत्री अभ्यास की शुरुआत वर्ष 2006 में हुई थी और यह भारत-थाईलैंड के बीच होने वाला एक महत्वपूर्ण संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास है।**
- **वर्तमान संस्करण से द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और अधिक सशक्त किया जा रहा है और यह क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और सुरक्षा के प्रति दोनों देशों की साझी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।**

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## स्वच्छता पखवाड़ा 2025 का आयोजन

### चर्चा में क्यों?

- भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) ने 16 से 31 अगस्त तक स्वच्छता पखवाड़ा 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया।




### मुख्य बिन्दु:

- भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के हिस्से के रूप में दो सप्ताह के अभियान में स्वच्छता, जागरूकता और स्थिरता संबंधी पहलों को शामिल किया गया, जिसमें एमएचआई के अधिकारी, स्वायत्त निकाय और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (सीपीएसई) शामिल थे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय पोषण सप्ताह 2025

## चर्चा में क्यों?

- **आयोजन:** राष्ट्रीय पोषण सप्ताह 2025 का आयोजन 1 से 7 सितंबर तक किया जाएगा।
- **विषय:** "Eat Right for a Better Life" (बेहतर जीवन के लिए सही खानपान अपनाएँ)।




## मुख्य बिन्दु:

### उद्देश्य:

- संतुलित आहार और सचेत भोजन की आदतें अपनाने के लिए जागरूकता फैलाना।
- कुपोषण और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम पर ध्यान केंद्रित करना।
- यह पहल स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से संचालित की जा रही है।
- पोषण अभियान जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों के साथ जुड़े इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को पोषण के महत्व के प्रति जागरूक करना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### पृष्ठभूमि:

- 1982 ई. में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के फूड एंड न्यूट्रिशन बोर्ड द्वारा पहली बार इसे शुरू किया गया।
- भारत को तीन पोषण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है:
  - बच्चों और माताओं में कुपोषण।
  - सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी (जैसे एनीमिया)।
  - आहार-जनित बीमारियाँ (जैसे मोटापा, मधुमेह और उच्च रक्तचाप)।

### संबंधित सरकारी कार्यक्रम:

- **पोषण अभियान (राष्ट्रीय पोषण मिशन):** कुपोषण, अविकसित वृद्धि, एनीमिया और कम जन्म वजन को दूर करने पर ध्यान।
- **मध्याह्न भोजन योजना (PM-POSHAN):** स्कूली बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना।
- **एकीकृत बाल विकास सेवा (ICDS):** छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों और गर्भवती/धात्री महिलाओं को अतिरिक्त पोषण।
- **आंगनवाड़ी केंद्र:** पोषण परामर्श और फोर्टिफाइड खाद्य वितरण।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR